संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुख राम) : (क) से (ग) नयी दूरसंचार नीति का उद्देश्य, दूरसंचार सेवाओं में तेजी से वृद्धि करने और उनकी गुणवत्ता बेहतर बनाने के लिए दूरसंचार विभाग के प्रयासों में सहायता पहुंचाना है। यह कहना सही नहीं है कि अधिकांश टेलीफोन खराब पड़े रहते हैं। वर्ष 1993-94 के दौरान एक महीने में औसतन 100 टेलीफोनों में से करीब 15 टेलीफोन खराब रहे।

ओ० बी० नम्बरों के विरुद्ध टेलीफोन सुविधाएं

7490. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :**

श्री दिग्विजय सिंह :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तत्कालीन सरकार द्वारा अप्रैल, 1991 तक स्वीकृत किए गए नए टेलीफोन कनेक्शनों की संख्या कितनी है;

(ख) सरकार द्वारा अप्रैल, 1991 तक मंजूर किए जा चुके टेलीफोन कनेक्शनों में से कितने लोगों को विभाग द्वारा 20 जून, 1991 तक ओ०बी० नम्बर जारी कर दिए गए और क्या ऐसे सभी ओ०बी० नम्बरों को टेलीफोन सुविधा उपलब्ध करा दी गई है;

(ग) यदि हां, उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो क्या सरकार का शेष ओ० बी० नम्बर धारकों को टेलीफोन कनेक्शन प्रदान करने का विचार है, और

(घ) यदि हां, उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, उसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ?

उत्तर प्रदेश के लिए टेलीफोन सलाहकार समिति

7491. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हाल में उत्तर प्रदेश सर्किल के लिए गठित की गई टेलीफोन सलाहकार समिति का पूरा विवरण क्या है; और

(ख) उपर्युक्त समिति के सदस्यों के नाम और पते क्या है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुख राम) : (क) उत्तर प्रदेश के लिए गठित की गई पिछली दूरसंचार समिति का कार्यकाल 28.2.1994 को समाप्त हो चुका है। उत्तर प्रदेश के लिए नई दूरसंचार सलाहकार समिति का गठन किया जा रहा है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

Working Group for Issuing Guidelines in respect of New Telecom Policy

7492. SHRI RAMDAS AGARWAL: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government have set up a new Working Group headed by Member, Technology of Telecom Commission, to submit its report on the guidelines proposed to be issued in relation to the New Telecom Policy norms to be set up, if so, what progress made in this regard;

(b) whether it is a fact that under the New Telecom Policy Government propose to provide telephones on request by 1997;

(c) what are the other guidelines issued pertaining to private sector investment in Telecom Sector; Pattern of equity participation by foreign companies including the Multinational Corporations|Non-Resident Indians' collaboration with Indian companies, revenue and tariff shar-

ing procedures, etc. and new technology to be adopted; and

(d) whether Government have made any appraisal or reviewed all pending 23 projects with the Telecom. Commission; if so, with what results before going in for adoption of New Telecom Policy and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) to (c) Yes, Sir. A Committee within the Department has been constituted headed by Member (Technology), Telecom Commission to suggest guidelines on the implementation of National Telcom Policy. Its report is awaited.

(d) No, Sir. These proposals will now be reviewed in the light of the New Telecom Policy.

दिल्ली में दिये गये नए टेलीफोन

7493. **श्री अनन्त राम जायसवाल :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड ने दिल्ली में, मार्च, 1994 में कितने नए टेलीफोन कनेक्शन देने का लक्ष्य निर्धारित किया था ;

(ख) वास्तविक रूप में उक्त अवधि में कितने टेलीफोन कनेक्शन प्रदान किए गए तथा शेष नए टेलीफोन कनेक्शनों की वर्तमान स्थिति क्या है ;

(ग) क्या यह सच है कि उक्त अवधि में भारी संख्या के टेलीफोन कनेक्शन केवल कागजों पर ही प्रदान किए गए ;

(घ) क्या यह सच है कि नए कनेक्शन वास्तव में मई के दूसरे सप्ताह में दिए गए जबकि कागजी टेलीफोन कनेक्शनों को उचित ठहराने एवं राजस्व के लिए उपभोक्ताओं को मार्च, 1994 से ही बिल जारी किए गए, और

(ङ) यदि हां, उपभोक्ताओं के साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया जा रहा है और सरकार निगम के इस प्रकार के कार्य के विरुद्ध और जनता को समय से सही बिल प्राप्ति के लिए क्या प्रभावी कार्रवाई कर रही है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुख राम) : (क) मार्च, 1994 के महीने के लिए 50000 नए कनेक्शन प्रदान करने का अन्तिम लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

(ख) मार्च, 1994 के दौरान ऊपर निर्धारित लक्ष्य की तुलना में 65910 नए टेलीफोन प्रदान किए गए हैं।

(ग) जी नहीं। बड़ी संख्या में कनेक्शन जारी करने के मामलों में, जहां एक नया एक्सचेंज चालू किया जाता है, ग्राहक के परिसर में लगाई जाने वाली फिटिंग सहित लाइनों का कार्य अग्रिमतौर पर पूरा किया जाता है और उपकरण को उचित परीक्षण के बाद लगाया जाता है। इन सभी कनेक्शनों को नया एक्सचेंज खोलने के समय चालू किया जाता है। तथापि बड़े पैमाने पर टेलीफोन प्रदान करने के कारण लाइनों में कुछ खराबियां हो सकती हैं। इन्हें शीघ्राशीघ्र ठीक कर दिया जाता है।

(घ) जी नहीं। टेलीफोन कनेक्शनों के वास्तविक रूप से चालू होने/खोलने की तारीख से ही प्रभारों की वसूली की जाती है। तथापि, यदि बिलिंग के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसे शीघ्र निपटा दिया जाता है।

(ङ) उपर्युक्त भाग (ग) और (घ) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए, लागू नहीं होता।

संचार मंत्रालय के अधीन कार्यालय भवनों के लिए किराया

7494. **श्री ईश्वर सिंह यादव :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :